# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री ने **इंदौर** से **मध्य प्रदेश** के सभी **55 ज़िलों** में **प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस** का उद्घाटन किया।

- राज्य सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिये शुरू किये गए इन **कॉलेजों का उद्देश्य शिक्षा को रोज़गारोन्मुखी बनाना** है।
  - **मध्य प्रदेश, नई शिक्षा नीति (NEP)** लागू करने वाला **पहला राज्य** बन गया है।
- ये कॉलेज वर्ष 2047 तक मज़बूत शैक्षणिक नींव स्थापित करेंगे।
  - इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये **नई शिक्षा नीति, 2020** प्रस्तुत की गई। यह केवल डिग्री प्रदान करने के बजाय **युवाओं के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित** करता है।
  - इसमें **अकादमिक विषयों एवं जीवन कौशल दोनों की शिक्षा** देना शामिल है। छात्रों में पारंपरिक सोच के बजाय **लीक से हटकर सोचने को प्रोत्साहित करने पर ज़ोर** दिया जाता है।

**और पढ़ें:** नई शिक्षा नीति 2020

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-colleges-of-excellence